58

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
**सकारण आदेश**

संवेदक M/S Satyendra Kumar(Regd. No-3211016) Bishnupur Pakhri, 70 Feet IOC ,Dist-Patna, Pin-800002 द्वारा Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd., Jamui (BUIDCO) के अधीन आमंत्रित निविदा (NIT No-03/2024-25) में भाग लिया गया।

संदर्भित निविदा में संवेदक द्वारा बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, जिला पटना के कार्यालय से निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर निविदा में भाग लिया गया। तदोपरांत संवेदक द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन संबंधित कार्यालय से कराने पर कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, जिला पटना का पत्रांक 144 दिनांक 27.06.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उक्त अनुभव प्रमाण पत्र उनके कार्यालय से निर्गत नहीं किया गया है।

निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किये जाने के कारण परियोजना निदेशक(असैनिक), बुडको, जमुई का पत्रांक 307 दिनांक 16.08.2025 द्वारा संवेदक के विरूद्ध बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के तहत कार्रवाई किये जाने हेतु किये गये अनुशंसा की गई।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 9115 दिनांक 25.08.2025 एवं पत्रांक 9958 दिनांक 16.09.2025 द्वारा संवेदक से निबंधित डाक एवं ईमेल के माध्यम से कारणपृच्छा की गई।

तदालोक में संवेदक M/S Satyendra Kumar द्वारा दिनांक 24.09.2025 को स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि साईबर कैफे द्वारा किसी अन्य संवेदक के बहकावे में आकर उक्त निविदा में गलत अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड कर दिया गया है।

वर्णित परिप्रेक्ष्य में संवेदक M/S Satyendra Kumar(Regd. No-3211016, PAN-ARLPK7419F) द्वारा Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd., Jamui (BUIDCO) के अधीन निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित करने के कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) की उपकंडिका (ix) एवं 11(ख)(ii) में निहित प्रावधान के तहत संवेदक को 02(दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(ह0) 26.09.25
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–250/2025 10520 /पटना, दिनांकः– 6.10.25

निबंधित

प्रतिलिपिः– M/S Satyendra Kumar(Regd. No-3211016) Bishnupur Pakhri, 70 Feet IOC ,Dist-Patna, Pin-800002 को सूचनार्थ प्रेषित।

(ह0) 26.09.25
अभियंता प्रमुख

P.T.O.

ज्ञापांकः—14 / अ0प्र0—14—250 / 2025 10520 / पटना, दिनांकः— 6.10.25

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / योजना एवं विकास विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.09.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— 14 / अ0प्र0—14—250 / 2025 10520 / पटना, दिनांकः— 6.10.25

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.09.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— 14 / अ0प्र0—14—250 / 2025 10520 / पटना, दिनांकः— 6.10.25

प्रतिलिपिः—परियोजना निदेशक(असैनिक), बुडको, जमुई को उनके पत्रांक 307 दिनांक 16.08.2025 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.09.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— 14 / अ0प्र0—14—250 / 2025 10520 / पटना, दिनांकः— 6.10.25

प्रतिलिपिः—आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.09.25

अभियंता प्रमुख